सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 127 | इंदौर, शुक्रवार 21 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका रवाना हुए पीएम मोदी

## देंगे 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के लिए रवाना हुए, जहां वह 21 से 23 नवंबर तक होने वाले 20वें G20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. यह सम्मेलन खास है क्योंकि इतिहास में पहली बार G20 की बैठक अफ्रीका महाद्वीप में हो रही है.

पीएम मोदी ने यात्रा से पहले कहा कि शिखर सम्मेलन में कई अहम वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी और वे विभिन्न देशों के नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकातें भी करेंगे. प्रधानमंत्री ने रवाना होने से पहले जारी अपने बयान में कहा कि 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को G20 का सदस्य बनाया गया था और अब अफ्रीका में आयोजित यह शिखर सम्मेलन विशेष महत्व रखता है.



### 'पेश करेंगे वसुधैव कुटुंबकम की थीम'

इस वर्ष G20 की थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' रखी गई है, जिसके जरिए दक्षिण अफ्रीका ने दिल्ली और रियो डी जनेरियो में हुए पिछले सम्मेलनों की दिशा को आगे बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि वे शिखर सम्मेलन में भारत की सोच और दृष्टिकोण- 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर'- को पेश करेंगे.

### भारतीय समुदाय से मिलने के लिए उत्सुक

प्रधानमंत्री मोदी अपनी दक्षिण अफ्रीका यात्रा के दौरान 6वें IBSA शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे, जो G20 के इतर आयोजित होगा. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि वे दक्षिण अफ्रीका में बसे भारतीय समुदाय से मिलने को उत्सुक हैं. दक्षिण अफ्रीका में भारत के बाहर सबसे बड़ा भारतीय मूल का समुदाय रहता है.

---

● शहीद आशीष शर्मा की अर्थी को सीएम ने दिया कांधा

# परिजन को एक करोड़ देने और भाई को SI बनाने का एलान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नक्सली मुठभेड़ में शहीद बालाघाट में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को उनके गृह ग्राम नरसिंहपुर जिले के बोहानी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शर्मा के अंत्येष्टि कार्यक्रम में पहुंचे और शहीद की पार्थिक देह पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पार्थिव देह को कांधा भी दिया।सीएम ने इस मौके पर कहा कि इंस्पेक्टर आशीष शर्मा ने नक्सल विरोधी अभियान में अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान दिया है। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि आशीष शर्मा की शहादत पर प्रदेश को गर्व है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। साथ ही, बोहानी गांव में शहीद आशीष शर्मा के नाम से एक पार्क और स्टेडियम भी विकसित किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती रहे और उनकी स्मृति अक्षुण्ण बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद आशीष शर्मा के छोटे भाई को शासकीय नियमों में शिथिलता बरतते हुए सब-इंस्पेक्टर SI के पद पर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय परिवार को संबल देने और शहीद के अदम्य साहस को सदैव याद रखने और आमजन में राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करने के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया है।

### बोहानी शोक में डूबा

इससे पहले गुरुवार सुबह शहीद आशीष शर्मा की पार्थिव देह बालाघाट से बोहानी ग्राम लाई गई। जिले की सीमा सिवनी खापा में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते समय जगह-जगह बड़ी संख्या में नागरिकों ने सड़क किनारे खड़े होकर नम आंखों से अंतिम दर्शन किए। गृह ग्राम बोहानी पहुंचने पर ग्रामवासियों ने अपने लाल का अश्रुपूर्ण स्वागत किया। घर से लेकर राघव नगर ग्राउंड तक अंतिम यात्रा भारी भीड़ के बीच निकाली गई। शहीद को राजकीय सम्मान सहित गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राघव नगर ग्राउंड में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

---

# वियतनाम में कुदरत का कहर, बाढ़-भूस्खलन से अब तक 41 की मौत

**हनोई, (एजेंसी)** वियतनाम में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 41 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक भारी बारिश की वजह से पूरे सेंट्रल वियतनाम में भयंकर बाढ़ और लैंडस्लाइड हुए हैं, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल अभी भी प्रभावित इलाकों में काम कर रहे हैं और डूबे हुए घरों की छतों पर फंसे लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों में इलाके के कई हिस्सों में बारिश 150 सेमी से अधिक हो गई है। वियतनाम के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि छह प्रांतों में मौतें दर्ज की गईं, और नौ लापता लोगों की तलाश जारी है। वहीं 52,000 से अधिक घर पानी में डूब गए हैं, जिससे लगभग 62,000 लोगों को घर खाली करने पड़े हैं। लैंडस्लाइड की वजह से कई खास सड़कें बंद हो गई हैं, और लगभग दस लाख घरों में बिजली नहीं है। रिपोर्ट में देश के नेशनल सेंटर फॉर हाइड्रो-मेटियोरोलॉजिकल फोरकास्टिंग की चेतावनी का हवाला दिया गया है कि ह्यू शहर से लेकर डाक लाक प्रांत तक के तटीय इलाकों में पानी का लेवल 0.3 से 0.6 मीटर तक बढ़ने की उम्मीद है।

---

## पुलिस कमिश्नर बोले -

# बसों में लगाएं सीसीटीवी, ड्राइवर-कंडक्टर ने शराब तो नहीं पी, मॉनिटरिंग करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इंटर सिटी व स्टेट टूरिस्ट बसों के संचालकों के साथ गुरुवार को मीटिंग की। मीटिंग में कई दिशा-निर्देश पुलिस कमिश्नर ने दिए हैं। मीटिंग पुलिस कमिश्नर ऑफिस सभागार में हुई।**

मीटिंग में पुलिस कमिश्नर के साथ ही कई पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यात्रियों और लोगों की सुरक्षा व सुरक्षित ट्रैफिक हमारी प्राथमिकता व जिम्मेदारी है। इसके लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा बस प्रबंधन/बस संचालकों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रूप से बसों को चलाए। निर्देश दिए गए कि नियमों का उल्लंघन



करने पर बस चालक/परिचालकों के अलावा संचालकों पर भी वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मीटिंग के दौरान बसों के सुरक्षित रूप से चलाने के लिए एसओपी तैयार, जिसमें संचालकों एवं बस के चालक व परिचालकों के लिए कुछ सामान्य निर्देश हैं। निर्देशों का पालन किया जा रहा है, इसके लिए एक शपथ पत्र भी लिया गया। बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों व प्रशासकों ने भी अपनी बात रखी और निर्देशों के पालन में पूरा सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

### यह दिए निर्देश

1. सभी बसों में नियमों के अनुसार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उनका एक कंट्रोल रूम बनाकर मॉनिटरिंग करें।
2. बसों में किसी भी आपात स्थिति के समय आवश्यक उपकरण जैसे- अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य जरूरी सामान आवश्यक रूप से हों।
3. बसों में एक इमरजेंसी गेट जरूर हो, इसका भी ध्यान रखा जाए।
4. बसों के फिटनेस व निर्धारित मानकों की मॉनिटरिंग की जाए, किसी भी स्थिति में खराब वाहनों को ना चलाए जाए।
5. ड्राइवरों के पास वैध और भारी वाहन चलाने के लिए उपयुक्त लाइसेंस हो, जिसकी वैधता की जांच भी की जाए।
6. ड्राइवरों की शारीरिक स्थिति (आंखों की जांच आदि) की भी समय-समय पर जांच हो व उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाए।
7. चालक व परिचालक आपराधिक पृष्ठभूमि के तो नहीं है इसके लिए पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाया जाए और वो नशा करके गाड़ी ना चलाए इसकी मॉनिटरिंग भी करें।

# बीच सड़क पर खड़ी की सिटी बस, महापौर ने लगाई ड्राइवर को फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर बड़े स्तर पर मंथन चल रहा है। हाईकोर्ट भी इसे लेकर गंभीर हैं। ऐसे में एक सिटी बस बीच सड़क पर खड़ी दिखी तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव बरस पड़े। उन्होंने न सिर्फ बस के ड्राइवर को फटकार लगाई, बल्कि बस ऑपरेटर पर पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए। बुधवार की इस घटना का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है।**

महापौर बुधवार को मेट्रो स्टेशन का दौरा कर रेसीडेंसी इलाके में जाने के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी एमवाय अस्पताल के सामने पहुंची तो वहां सिटी बस बीच रास्ते में खड़ी थी और सवारी उतारी-चढ़ाई जा रहीं थी। इस कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा था।



सिटी बस को बीच रास्ते में खड़ा देख महापौर नाराज हो गए। उन्होंने भी अपनी गाड़ी रुकवाई और बस ड्राइवर को फटकार लगाई। उन्होंने कहा जहां सिटी बस की जगह है वहीं खड़ा किया करो। उन्होंने सिटी बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्थ जैन को निर्देश दिए कि इस बस को संचालित करने वाले बस ऑपरेटर पर पेनल्टी लगाएं। इस तरह की कार्रवाई करके ही ऐसी आदत को रोका जा सकता है। शहर के कई रूट पर सिटी बसें चलाई जा रही हैं। कई बार देखने में आता है कि सिटी बस के ड्राइवर बीच रोड पर ही सिटी बसों को रोककर सवारी उतारने और बैठाने लग जाते हैं, जिसके कारण पीछे चलने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और ट्रैफिक बाधित होने लगता है।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर में रहने वाली एक नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति पर एफआईआर की है। पुलिस ने पति को बुधवार को हिरासत में ले लिया है। वहीं मामले की जांच जारी है।**

हीरानगर टीआई रक्षा निशोद (23) की मौत के मामले में उसके पति कोमल पुत्र रेवाशंकर निशोद निवासी मेघदूत नगर को आरोपी बनाया है। शादी के बाद से ही पति दहेज नहीं लाने की बात पर आए दिन मारपीट करता था। इससे परेशान होकर 15 नवंबर को रक्षा ने जहर खा लिया था। उसकी अगले दिन मौत हो गई। मामले में मायके पक्ष ने पति पर आरोप लगाए थे कि पति आए दिन रक्षा के साथ मारपीट करता है। पीड़िता ने यह बात कई बार अपने परिवार को बताई थी। रक्षा और कोमल की शादी को करीब 4 साल हो गए थे। रेवाशंकर फल-फ्रूट का काम करता था। मामले में एसीपी रूबीना मिजवानी ने जांच की और कोमल पर दहेज हत्या को लेकर एफआईआर दर्ज की। बुधवार को कोमल को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। उसे जेल भेजा गया है।

## नेशनल शूटर से छेड़छाड़ का मामले में तीन कर्मचारी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नेशनल शूटर से छेड़छाड़ के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने बुधवार को वर्मा ट्रेवल्स की बस जब्त कर ली है। वहीं तीन युवकों को थाने बुलाकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। बता दें कि तीन दिन पहले भोपाल से इंदौर और पुणे के बीच चलने वाली बस में नेशनल शूटर के साथ छेड़छाड़ हुई थी। मामले में अब तक एफआईआर नहीं कराई गई है।**



डीसीपी कृष्णा लालचंदानी के मुताबिक पुणे की नेशनल शूटर के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने परमेंद्र, अरविंद और दीपक नामक युवक को गिरफ्तार किया है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने मामले में मंगलवार को बस ऑपरेटर को बुलाया था। जिसमें बस जब्त करने की बात कही थी। इसके बाद बुधवार को बस को थाने पहुंचाया गया। राजेन्द्र नगर इलाके में बस में क्लीनर ने महिला खिलाड़ी के साथ बेड टच किया था। इस दौरान महिला खिलाड़ी की बहस हुई। उसने क्लीनर और ड्राइवर की पिटाई की थी। तब वह बस छोड़कर भाग गए थे। टीआई नीरज बिरथरे ने अलसुबह दूसरे ड्राइवर बुलाकर बस को रवाना किया था। नेशनल खिलाड़ी ने एक लिखित आवेदन दिया था। जिसमें एफआईआर बाद में किए जाने की बात कही गई थी। इंदौर-पुणे के बीच चलने वाली निजी ट्रैवल्स की बस में नेशनल शूटर से छेड़छाड़ की गई। पुणे की शूटर जब बस में चढ़ रही थी, कंडक्टर ने उसे बैड टच किया। इस पर उसने आपत्ति जताई। ड्राइवर-कंडक्टर ने बदतमीजी की तो लेडी शूटर ने दोनों की पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि ड्राइवर-कंडक्टर नशे में थे। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार का है।

## हुकमचंद मिल मजदूरों के भगतान के लिए नई समिति गठित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 34 साल से बंद हुकमचंद मिल के चार सौ मजदूरों के बचे हुए विवादित और थर्ड पार्टी क्लेम मामलों से जुड़े दस्तावेजों के वैरिफिकेशन के लिए हाई कोर्ट ने एक सदस्यीय समिति गठित की है।**



मामले में बुधवार को हाई कोर्ट इंदौर में सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। मजदूर यूनियन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अब भी 400 से ज्यादा मजदूरों के क्लेम केस पेंडिंग हैं। इनका भुगतान नहीं हो पा रहा है क्योंकि पूर्व में गठित कमेटी में शामिल अधिकारी प्रशासनिक व्यस्तता के चलते नियमित बैठक नहीं कर पाते हैं। इस पर कोर्ट ने पूर्व में गठित समिति भंग करते हुए रिटायर्ड जीएस सेंगर की अध्यक्षता में नई समिति गठित कर दी। यह समिति बचे हुए क्लेम केसों के दस्तावेजों का वैरिफिकेशन करेगी और उन्हें परिसमापक को भेजेगी ताकि भुगतान की प्रोसेस आगे बढ़ सके। 12 दिसंबर 1991 को हुकमचंद मिल प्रबंधन ने बगैर किसी सूचना के मिल बंद कर दिया था। उस दौरान मिल में 5895 मजदूर काम करते थे। मिल बंद होने के बाद से मिल मजदूर और उनके स्वजन अपने हक के लिए भटक रहे थे। करीब दो वर्ष पहले नगर निगम और मप्र गृह निर्माण मंडल के बीच मिल की जमीन पर संयुक्त रूप से आवासीय और व्यवसायिक प्रोजेक्ट लाने की सहमति बनने के बाद मजदूरों के भुगतान की राह आसान हुई। कोर्ट के आदेश के बाद मप्र गृह निर्माण मंडल ने मजदूरों के भुगतान के लिए लगभग 218 करोड़ रुपए की राशि परिसमापक के खाते में जमा कराई थी। इसके बाद मजदूरों को भुगतान की प्रोसेस शुरू हुई। हुकुमचंद मिल मजदूर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवंश ने बताया कि अब भी 400 के लगभग ऐसे मामले हैं जिनमें भुगतान नहीं हुआ है। इन मामलों में मिल मजदूर और उनकी पत्नी दोनों का निधन हो चुका है। 180 मामले ऐसे हैं जिनमें मजदूर की मृत्यु के बाद परिवार के सदस्यों के बीच विवाद है। इन सभी मामलों में मजदूर के परिवार को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। अब नई समिति क्लेम से जुड़े दस्तावेजों का वैरिफिकेशन करेगी।

## 6 स्टेप्स पर चूक से एमवायएच में पहुंची एक्सपायरी दवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी एमवाय अस्पताल में भर्ती कबड्डी की नेशनल प्लेयर को एक्सपायरी दवाई चढ़ाए जाने के मामले में मरीज की हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है। हालांकि, इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



जिम्मेदार स्टाफ यह दावा कर रहा है कि खिलाड़ी को एक्सपायर्ड दवाई चढ़ाई ही नहीं गई, लेकिन वार्ड 21 में एक्सपायरी बैच की मौजूदगी और दवा के उपयोग की आशंका ने पूरे सिस्टम पर संदेह बढ़ा दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि दवा खरीद विभाग से लेकर सप्लाई चेन और फिर वार्ड तक एक्सपायरी दवाई का पूरा लॉट पहुंचा कैसे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है, जो दवा खरीदी, सप्लाई सिस्टम और वार्ड-स्तर पर निगरानी में आई सभी खामियों की जांच करेगी। इस बीच जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की बजाय अस्पताल प्रशासन फिलहाल वार्डों में भरी पड़ी एक्सपायर्ड और जल्द एक्सपायर होने वाली दवाइयों की जांच में जुट गया है। स्टोरों से एक्सपायरी दवाएं निकालकर बायो-वेस्ट में नष्ट की जा रही हैं। अस्पताल के लिए दवाइयां MPPHCL के माध्यम से खरीदी जाती हैं। सेंट्रल स्टोर के नोडल अधिकारी और असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट डॉ. महेश खचरिया के पास इसकी जिम्मेदारी है। एक्सपायर्ड एंटीबायोटिक के वार्ड तक पहुंचने की गंभीर गलती कैसे हुई। सभी दवाइयों के एंट्री बेच नंबर, एक्सपायरी डेट, कंपनी सहित जरूरी जानकारी ऑनलाइन स्टॉक रजिस्टर में दर्ज होती है। फिर भी एक्सपायर्ड दवाएं वार्ड तक कैसे पहुंच गईं, यह रिकॉर्ड सिस्टम में मॉनिटरिंग की बड़ी खामी है। स्टोर इंचार्ज और नर्सिंग ऑफिसर का काम दवाइयों का स्टॉक देखना और वार्डों तक सप्लाय कराना है। नोडल अधिकारी और स्टोर इंचार्ज के पास एक्सपायर होने वाली और एक्सपायर्ड दवाइयों की ऑटो-जनरेटेड लिस्ट होती है, इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया।

## बाइक की किश्त भरकर घर जा रहा युवक हादसे का शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर के पास खुड़ेल में एक सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। वह बाइक की किश्त भरने आया था। वापस अपने दोस्त के साथ जा रहा था। इस दौरान अन्य बाइक से उनकी बाइक टकरा गई।**

पुलिस के मुताबिक मृतक दिनेश (27) पुत्र किशन निवासी धाराजी है, वहीं घायल उसका दोस्त सूरज है। पुलिस के मुताबिक घटना जामनिया के पास हुई। यहां पर दिनेश की बाइक को अन्य बाइक ने टक्कर मारी थी। दिनेश तीन ईमली पर एक फाइनेंस कंपनी में अपनी बाइक की किश्त जमा कराने आए थे। इसके बाद दोस्त के साथ वापस अपने घर जा रहे थे। दिनेश के परिवार में उसकी पत्नी, बेटा व भाई व माता-पिता हैं।

# अलफलाह यूनिवर्सिटी के कर्ताधर्ता जवाद का मकान होगा जमींदोज

## महू परिषद ने दिया नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दिल्ली में हुए बम धमाके करने वाले आंतकियों का पनाहगार बनी अलफलाह यूनिर्विटी के मालिक जवाद सिद्की को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसका भाई हमूद भी महू पुलिस की गिरफ्त में है और उनके महू स्थित चार मंजिला पैतृक मकान भी महू छावनी परिषद ने तोड़ने की तैयारी कर ली है। मकान के अवैध हिस्से को लेकर सिद्दीकी परिवार को नोटिस दिया गया है। परिवार को तीन दिन में मुकेरीपुरा स्थित मकान के अवैध हिस्से को हटाने के कहा गया है। तय समय सीमा के बाद परिषद खुद निर्माण हटाएगी और रिमूवल राशि भी जवाद और हमूद से वसूली जाएगी। जवाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में दिल्ली में बम विस्फोट करने वाले दो आतंकी काम करते थे। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। इसके अलावा जवाद भी दिल्ली से पकड़ा गया,जबकि





उसके भाई हमूद को महू पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वह महू की उपजेल में बंद है। हमूद पर दंगा भड़काने, हत्या के प्रयास सहित धोखाधड़ी के पांच प्रकरण दर्ज है। धोखाधड़ी के मामले में महू पुलिस को उसकी 25 वर्षो से तलाश थी। हमूद ने महू में कई परिवारों को चिटफंड कंपनी में पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगा था। दिल्ली बम कांड में इंदौर जिले के महू का कनेक्शन आने के बाद ही पुलिस ने हमूद को गिरफ्तार करने की तैयारी कर ली थी। दो दिन पहे उसे हैदराबाद से पकड़ कर लाया गया और महू उपजेल में बंद किया गया। आरोपी जवाद और हमूद का महू में चार मंजिला मकान है। मुकेरी पुरा के इस पुश्तैनी मकान में सिद्दीकी का परिवार नहीं रहता था। मकान के कुछ हिस्से को उन्होंने किराए पर दे रखा था। परिषद ने मकान के नक्शे की जानकारी निकाली। जवाद ने अनुमति के विपरित कई हिस्से अवैध बनाए है। जिसे शनिवार को तोड़ा जा सकता है।

## 5 साल के बच्चे को सुलाकर मां ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत आराधना नगर में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहाँ रहने वाली 24 वर्षीय मुस्कान खेडेकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से ठीक पहले महिला ने अपने पति को वीडियो कॉल किया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला परिवार में हो रही लगातार मौतों के कारण गहरे अवसाद (डिप्रेशन) में थी।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की है। मुस्कान के पति शिवा ने बताया कि वह उस समय तीन इमली इलाके में एक गोदाम पर था। पत्नी ने उसे वीडियो कॉल किया और बिना कुछ कहे फांसी का फंदा लगाने लगी। यह देखकर शिवा घबरा गया और तुरंत कॉल काटकर अपने मालिक को सूचना दी। मालिक ने पास ही रहने वाले एक परिचित को मुस्कान के घर भेजा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मुस्कान की मौत हो चुकी थी। मुस्कान की यह दूसरी शादी थी और उसका पहले पति से एक पांच साल का बेटा है। घटना को अंजाम देने से पहले उसने अपने बेटे को सुला दिया था ताकि वह कुछ देख न सके। शिवा और मुस्कान की शादी को दो साल हुए



थे और दोनों कैटरिंग के काम के दौरान मिले थे। परिजनों और पति ने बताया कि मुस्कान पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थी। उसके जीवन में एक के बाद एक कई दुखद घटनाएं घटी थीं, वह अक्सर कहती थी कि जब परिवार के सभी लोग मर रहे हैं, तो उसके जीने का क्या मतलब है।

**पहला पतिः** सड़क हादसे में मौत।

**भाईः** एक भाई की एक साल पहले सड़क हादसे में और दूसरे भाई की 6 महीने पहले आत्महत्या से मौत।

**पिताः** कई साल पहले निधन हो चुका है।

बुआः तीन दिन पहले ही बुआ का निधन हुआ था, जिसके बाद से वह बहुत ज्यादा परेशान थी।

मामले की जांच कर रहे एसआई एम. कुजुर ने बताया कि फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की औपचारिक पुष्टि के लिए जांच कर रही है, लेकिन प्राथमिक तौर पर मामला डिप्रेशन का ही प्रतीत हो रहा है।

### धार की बस से इंदौर आया था...

## 12 पिस्टल और दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छत्रीपुरा पुलिस के बीट के जवानों ने एक युवक को पकड़ा है। उसके पास से करीब 12 पिस्टल और कारतूस मिले हैं। आरोपी धार की बस से इंदौर पहुंचा था। यहां बीट के जवानों को शंका हुई। उसके बैग की चेकिंग की तो उसमें 12 पिस्टल और दो कारतूस मिले। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह किसे डिलीवरी देने आया था।**

डीसीपी आनंद कल्यादगी की टीम ने दीपक (22) पुत्र सुबोध शर्मा, निवासी, बुलंदशहर को पकड़ा है। वह सुबह 11 बजे गंगवाल बस स्टैंड पर पहुंचा था। यहां आरोपी के पास से एक बैग में रखी करीब 12 पिस्टल और 2 कारतूस जब्त हुए। दीपक अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़ा हुआ है। वह धामनोद के रास्ते धार की बस से इंदौर पहुंचा था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हथियारों के नेटवर्क से जुड़ा है। अभी वह किस गिरोह के लिए हथियार सप्लाई करने का काम करता है, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिली है। पुलिस अभी उससे पूछताछ कर रही है।



## मजदूर की मौत में मकान मालिक, ठेकेदार फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमआईजी पुलिस ने भी एक मजदूर की मौत के मामले में मकान मालिक और ठेकेदार पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक भागचंद चौहान(52 )की एक निर्माणधीन मकान में काम करने के दौरान लापरवाही के चलते मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार इलियास और मकान मालिक शाहरुख पर लापरवाही बरतने को लेकर केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने उसे तीसरी मंजिल पर काम के लिए लगाया था। यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे।




# इंदौर से शुरू होगी सुगम परिवहन सेवा, दौड़ेंगी 10 हजार बसें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत मध्य प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी नियंत्रण वाली यात्री बसें अप्रैल, 2027 तक संचालन में आ जाएंगी। इस योजना के अंतर्गत कुल 10,879 बसें चलाई जाएंगी। ये बसें निजी ऑपरेटरों की होंगी, लेकिन इनके संचालन, प्रबंधन और किराया संरचना पर पूरा नियंत्रण शासन के पास रहेगा।**

योजना की शुरुआत अप्रैल, 2026 से इंदौर के आठ अंतर्शहरी और 24 उपनगरीय मार्गों पर की जाएगी। संचालन कार्य में देरी न हो, इसलिए हर चरण और गतिविधि की स्पष्ट समय-सीमा तय कर दी गई है। बसों का किराया शुरुआती एक किलोमीटर के लिए सात रुपये तथा उसके बाद प्रति किमी 1.25 रुपये निर्धारित है। इसी दर से 50 किमी का किराया 70 रुपये बनता है, जबकि वर्तमान में निजी बस संचालक 50 प्रतिशत तक अधिक किराया वसूल रहे हैं।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बस सेवा को चरणबद्ध ढंग से पूरे प्रदेश में लागू करने की रूपरेखा तय की गई। तय कार्यक्रम के अनुसार सेवा शुरू होने के एक वर्ष के भीतर सभी जिलों में सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। फिलहाल इंदौर, उज्जैन, सागर और जबलपुर के लिए यात्रियों की संख्या एवं मार्ग सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है।




परिवहन विभाग ने इंदौर संभाग के जिलों के मार्ग 15 दिसंबर, 2025 तक और उज्जैन क्षेत्र के मार्ग 26 नवंबर से पहले निर्धारित करने का लक्ष्य रखा है। बसों के व्यवस्थापन के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है, जिसमें व्हीकल लोकेशन, ट्रैकिंग, किराया संग्रहण और अलर्ट जैसे 18 मॉड्यूल शामिल हैं। हालांकि ITMS सॉफ्टवेयर का पूर्ण निर्माण मई, 2026 तक संभव होगा।

### किराया संरचना (रुपये में)

10 किमी – 19 रुपये
20 किमी – 32 रुपये
30 किमी – 45 रुपये
40 किमी – 57 रुपये
50 किमी – 70 रुपये

किस चरण में कहां शुरू होगी सेवा:

### प्रथम चरण – इंदौर शहर से 50 किमी दायरे के शहरी व अंतर्शहरी रूट

रूटः 32
बसेंः 310
समय सीमाः अप्रैल, 2026

### द्वितीय चरण – इंदौर संभाग के सभी जिले

रूटः 771
बसेंः 1706
समय सीमाः जून, 2026

### तृतीय चरण – भोपाल व उज्जैन शहर से 50 किमी दायरे वाले रूट

रूटः भोपाल 50, उज्जैन 23
बसेंः भोपाल 152, उज्जैन 127
समय सीमाः जुलाई, 2026

### चौथा चरण – उज्जैन संभाग के सभी जिले

रूटः 386
बसेंः 1318
समय सीमाः नवंबर, 2026

### पांचवां चरण – सागर एवं जबलपुर संभाग

रूटः 1228
बसेंः 2635
समय सीमाः दिसंबर, 2026

### छठा चरण – भोपाल व नर्मदापुरम संभाग

रूटः तय नहीं
बसेंः 1843
समय सीमाः अप्रैल, 2027

### सातवां चरण – रीवा एवं शहडोल संभाग

रूटः निर्धारित नहीं
बसेंः 1470
समय सीमाः अप्रैल, 2027

### आठवां चरण – ग्वालियर एवं चंबल संभाग

रूटः निर्धारित नहीं
बसेंः 1318

### 20 वर्ष बाद फिर शुरू होगी सरकारी परिवहन सेवा

साल 2005 में 700 करोड़ रुपये से अधिक घाटे के कारण मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम बंद हो गया था। इसके बाद से बस संचालन पूरी तरह निजी क्षेत्र पर निर्भर था, जिससे मनमाना किराया, वाहनों की खराब फिटनेस और क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद दोबारा सरकारी सार्वजनिक परिवहन सेवा शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद यह योजना लागू की जा रही है।

## कार-ट्रक की टक्कर में 3 वेटनरी डॉक्टर्स की मौत, 4 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। गुना के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के भिलेरा गांव के पास बुधवार रात करीब 2 बजे तेज कार और ट्रक की टक्कर में 3 युवा वेटनरी डॉक्टर्स की मौत हो गई। 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक अपने दोस्त की शादी से लौट रहे थे। दो घायलों को हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया है। बाकी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

हादसे में भिंड के आकाश चौरसिया, श्योपुर के नमोनारायण मीना और गुना के चांचौड़ा के मनीष कुमार जाटव की मौत हुई है। गंभीर रूप से घायल योगेश करोलिया और पारस करोलिया को भोपाल रेफर किया गया है। जबकि सूरज जाटव और अजय शाक्य का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, कार गुना की तरफ से आ रहे लगभग 12-पहिया ट्रक से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। टक्कर से ट्रक भी नियंत्रण खोकर सड़क पर घूम गया और पलट गया। रात का समय होने के कारण सड़क पर आवाजाही नहीं थी। हादसे में घायल युवक काफी देर तक सड़क पर पड़े कराहते रहे। बाद में एक राहगीर वहां से निकला, जिसने मौके का हाल देखकर तुरंत डायल-112 पर कॉल किया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची। कार बुरी तरह दब जाने के कारण टीम को कई घंटे मशक्कत करनी पड़ी।

## इंदौर में दबिश देकर 3 आरोपी पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल पुलिस ने राज्य की सबसे बड़ी साइबर ठगी में से एक का खुलासा किया है। एक ही बैंक की सात शाखाओं के खातों से 9 करोड़ 84 लाख रुपए का हेरफेर किया गया। इनमें एक मृत व्यक्ति के खाते से भी लगातार लेन-देन होते रहे। हाईटेक जांच के बाद पुलिस ने इंदौर में दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ा और बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद की। जांच में पता चला कि एक ही बैंक की सात शाखाओं के खातों से 9.84 करोड़ का हेरफेर किया गया। इनमें बिसराम इवने, नर्मदा इवने, मुकेश उइके, नीतेश उइके, अमोल, चंदन और राजेश बर्दे के खाते शामिल थे।

परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता और छोटे भाई को बनाएंगे सब-इंस्पेक्टर

## अमर शहीद आशीष शर्मा की शहादत पर पूरे प्रदेश को गर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को उनके गृह ग्राम बोहानी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को शहीद आशीष शर्मा की अंत्येष्टि कार्यक्रम में पहुंचे और शहीद की पार्थिक देह पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पार्थिक देह को कांधा भी दिया।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंस्पेक्टर आशीष शर्मा ने नक्सल विरोधी अभियान में अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य पथ पर सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि आशीष शर्मा की शहादत पर प्रदेश को गर्व है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। साथ ही, बोहानी गांव में शहीद आशीष शर्मा के नाम से एक पार्क और स्टेडियम भी विकसित किया जाएगा।इससे भावी पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती रहे और उनकी स्मृति अक्षुण्ण बनी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहीद आशीष शर्मा के छोटे भाई को शासकीय नियमों में शिथिलता बरतते हुए सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय परिवार को सम्बल देने और शहीद के अदम्य साहस को सदैव याद रखने और आमजन में राष्ट्रप्रेम के लिये प्रेरित करने के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया है। शहीद के अंतिम संस्कार में मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री श्री जीतू पटवारी, पूर्व सांसद श्री कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारी, हॉक फोर्स के जवान और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## बगैर रजिस्ट्रेशन नहीं चलेंगे कोचिंग संस्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य सरकार ने विद्यार्थियों पर कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में बढ़ते टॉर्चर, तनाव और अकेलेपन की समस्या पर गंभीरता दिखाते हुए स्टेट टास्क फोर्स (STF) का गठन किया है। यह टास्क फोर्स विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों में स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और शैक्षणिक दबाव की मॉनिटरिंग करेगी। साथ ही आवश्यक सुधारों की प्लानिंग कर उन्हें लागू कराएगी, ताकि विद्यार्थियों को सहयोगी, सुरक्षित व दबावमुक्त माहौल मिल सके।उच्च शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि राज्य के किसी भी जिले में बिना पंजीयन कोई कोचिंग संस्था संचालित नहीं होगी। यह निर्णय बढ़ते शैक्षणिक दबाव, अनुचित प्रबंधन और अव्यवस्थित वातावरण को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार का मानना है कि इस टास्क फोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव और मानसिक तनाव को कम किया जा सकेगा और शिक्षण संस्थानों में एक स्वस्थ और सहयोगी वातावरण तैयार होगा।

## संपादकीय

# G20 का थीम 'एकता, समानता और स्थिरता'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अफ्रीका में पहली बार आयोजित हो रहे जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गए। जोहांसबर्ग में प्रधानमंत्री मोदी जी20 शिखर सम्मेलन से इतर छठे आईबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने यात्रा के लिए रवाना होने से पहले एक बयान में कहा कि मैं शिखर सम्मेलन में भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करूंगा, जो हमारे 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के आदर्शों के अनुरूप है। जी20 समिट में रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि मैं 21 से 23 नवंबर, 2025 तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रहूंगा। यह निमंत्रण महामहिम सिरिल रामाफोसा की ओर से मिला है। मैं जोहान्सबर्ग में होने वाले 20वें G20 लीडर्स समिट में हिस्सा लूंगा। इस बार दक्षिण अफ्रीका G20 की अध्यक्षता कर रहा है। यह समिट बहुत खास होने वाला है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह अफ्रीका में होने वाला पहला G20 समिट होगा। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल 2023 में जब भारत G20 की अध्यक्षता कर रहा था, तब अफ्रीकी संघ को G20 का सदस्य बनाया गया था। इस समिट में दुनिया के बड़े मुद्दों पर बातचीत होगी। इस साल G20 का थीम 'एकता, समानता और स्थिरता' है। दक्षिण अफ्रीका ने नई दिल्ली, भारत और रियो डी जनेरियो, ब्राजील में हुए पिछले समिट के नतीजों को आगे बढ़ाया है। मैं समिट में भारत का नजरिया रखूंगा। यह हमारे 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विचार के अनुरूप होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि मैं दूसरे देशों के नेताओं से मिलने और बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। मैं समिट के साथ-साथ होने वाले छठे IBSA समिट में भी हिस्सा लूंगा। अपनी यात्रा के दौरान, मैं दक्षिण अफ्रीका में भारतीय समुदाय से मिलने की भी उम्मीद कर रहा हूं। यह समुदाय भारत के बाहर सबसे बड़े भारतीय समुदायों में से एक है।



**योग जीवन को ठीक करने के बारे में नहीं है। यह जीवन के लिए फिट बनने के बारे में है।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# 8 साल की लड़की बनीं भारत की रिकॉर्ड क्वीन

## सचिन तेंदुलकर के बाद हैं दूसरे नंबर पर



18 साल की उम्र में ज्यादातर बच्चे अपने सपनों की खोज में रहते हैं लेकिन चंडीगढ़ की जानवी जिंदल ने इस उम्र में वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना भी मुश्किल है। उन्होंने एक या दो नहीं 11 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करके मिसाल कायम कर दी। यही वजह है कि लोग उन्हें प्यार से "रिकॉर्ड क्वीन ऑफ इंडिया" कहने लगे हैं। वह आज उन युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं जो सीमाओं को चुनौती देकर आगे बढ़ना चाहती हैं। जानवी की कहानी सिर्फ रिकॉर्ड बनाने की नहीं, बल्कि अनुशासन, जुनून और असाधारण मेहनत की कहानी है। कहने को तो उनके रिकॉर्ड विभिन्न कैटेगरी में हैं जैसे फिटनेस, स्पीड, स्किल और मेमोरी लेकिन इनके पीछे छिपी है उनकी अटूट इच्छा शक्ति, जिसने उन्हें भीड़ से अलग खड़ा किया। आइए जानते हैं कौन हैं भारत की रिकॉर्ड क्वीन जानवी जिंदल और क्या हैं उनकी उपलब्धियां।

### कौन हैं जानवी जिंदल

जानवी महज 18 साल की है। वह चंडीगढ़ की रहने वाली हैं। जानवी के पिता का नाम मुनीश जिंगल हैं जिनके सहयोग से जानवी ने 11 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। जानवी फ्रीस्टाइल स्केटिंग में 6 नए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर भारत की पहली ऐसी महिला बन गई हैं जिनके नाम कुल 11 गिनीज़ रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस उपलब्धि ने उन्हें पूरे देश में दूसरा सबसे अधिक गिनीज रिकॉर्ड रखने वाला व्यक्ति बना दिया है। इसके पहले सिर्फ सचिन तेंदुलकर 19 रिकॉर्ड बना चुके हैं।

### कैसे बनीं रिकॉर्ड क्वीन?

जानवी बचपन से ही सीखने और एक्सप्लोर करने के प्रति बेहद उत्सुक रहीं। उनकी मां डॉक्टर और पिता बिजनेसमैन हैं। घर में पढ़ाई और अनुशासन का माहौल हमेशा से रहा। लेकिन केवल संसाधन नहीं, जानवी की लगन वह ताकत थी जिसने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। जानवी ने अब तक जिन 11 रिकॉड्र्स को हासिल किया है। उनमें तेज गति से पुश-अप्स, अनूठे बैलेंसिंग स्किल्स, मल्टीटास्किंग प्रेपरेशन, स्पीड-बेस्ड फिटनेस मूवमेंट्स और हाई कौऑर्डिनेशन टास्क्स जैसे कई कठिन चैलेंज शामिल हैं। कई रिकॉड्र्स के लिए उन्हें महीनों सुबह-शाम ट्रेनिंग लेनी पड़ी। छह सात घंटे रोजाना अभ्यास करना पड़ा। सबसे बड़ी बात वे हर असफल प्रयास के बाद और मजबूत होकर उठीं। जानवी की सफलता और भी खास इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्केटिंग किसी प्रोफेशनल कोच के साथ नहीं, बल्कि अपने पिता की मदद और इंटरनेट से सीखकर हासिल की। उनके नए रिकॉड्र्स में 30 सेकंड और 1 मिनट में सबसे अधिक 360 डिग्री रोटेशन और 30 सेकंड में वन-व्हील 360 डिग्री रोटेशन जैसे बेहद चुनौतीपूर्ण कारनामे शामिल हैं।

### यूनिवर्सिटी से हुईं सम्मानित

जानवी की उपलब्धियों पर एमपी और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने उन्हें सम्मानित किया और शैक्षणिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की। जानवी का सपना है और ऊंचाइयों पर पहुंचना और देश के युवा खिलाड़ियों को यह संदेश देना कि सीमाएं तभी टूटती हैं जब विश्वास और मेहनत पूरी ताकत से साथ हों। उनके पिता मुनीश जिंदल का कहना है कि जानवी की यह सफलता पूरी तरह स्वनिर्मित और प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्होंने बिना किसी विशेष संसाधन और पेशेवर प्रशिक्षण के यह मुकाम हासिल किया है।

Chhattisgarh/West Bengal

# धनबाद: छापेमारी के लिए पहुंची थी ED की टीम, कारोबारी ने रोकने के लिए छोड़े पालतू कुत्ते

**रांची/कोलकाता, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने अवैध कोयला खनन और परिवहन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में झारखंड और पश्चिम बंगाल में 40 से अधिक जगहों पर एक समन्वित और बड़ी कार्रवाई शुरू की है।

कोयला कारोबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सबसे पहले आज धनबाद में बड़ी कार्रवाई की. ईडी की टीम ने तड़के सुबह कोल कारोबारी एल.बी. सिंह के आवास और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर एकसाथ छापेमारी शुरू की. जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने धनबाद में देव बिला क्षेत्र सहित



कुल 18 ठिकानों पर दबिश दी है.

एक अधिकारी ने बताया कि ये सर्च ऑपरेशन कोयला चोरी और स्मगलिंग के कई बड़े मामलों से जुड़े हैं, जिसमें अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के मामले शामिल हैं. इन मामलों में कुल मिलाकर कोयले की बड़ी चोरी और चोरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ का भारी फाइनेंशियल नुकसान हुआ है.

छापेमारी के दौरान एक नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला. ईडी के अधिकारियों को घर में प्रवेश करने से रोकने के लिए, कोल कारोबारी एल.बी. सिंह ने अपने पालतू कुत्तों को छोड़ दिया. कुत्ते परिसर में घूम रहे हैं और ईडी अफसरों को घर में घुसने से रोके हुए हैं, जबकि एल.बी. सिंह घर के अंदर से बाहर नहीं निकल रहे हैं.

Maharashtra

# पुणे में 500 फीट गहरी खाई में गिरी थार, 6 युवकों की दर्दनाक मौत



**पुणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे-माणगांव मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ. यहां ताम्हिनी घाट मोड़ पर एक थार अनियंत्रित होकर 500 फुट गहरी खाई में गिर गई. इस दौरान कार में सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई. मामले में युवकों से मंगलवार को दिनभर संपर्क न हो पाने के चलते परिजन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. ये सभी युवक कोंकण घुमने के लिए निकले थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ. घटना रायगढ़ के माणगांव के पास ताम्हिनी घाट की है. जानकारी के मुताबिक ये सभी युवक पुणे के खड़कवासला-उत्तम नगर से सोमवार की देर रात घर से घुमने के लिए निकले थे. इस दौरान जब मंगलवार को दिनभर उनका फोन बंद रहा और उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया, तो उनके परिजनों ने पुणे और माणगांव पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस ने युवकों की आखिरी लोकेशन से उनकी तलाश शुरू की, जोकि ताम्हिनी घाट में थी. इसके बाद आज सुबह 7 बजे पुलिस और बचाव दल (एसवीआरएसएस, शेलार मामा रेस्क्यू टीम, और आरईक्यू रेस्क्यू टीम) ने ड्रोन और रस्सियों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया. मौके पर पहुंचने पर पता चला कि उनकी थार कार (MH 14 HW 7575) घाटी में गिर गई है, जिससे उसमें सवार सभी छह युवकों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान साहिल साधु गोटे (24), शिव अरुण माने (19), ओंकार सुनील कोली (18), महादेव कोली (18), प्रथम रावजी चव्हाण (24), पुनीत सुधाकर शेट्टी (20) के नाम से हुई है. ये सभी युवक 20 से 25 साल के थे.

Uttarpradesh

# कोयला जलाकर सो रहे 4 दोस्तों की मौत

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में एक कमरे में सो रहे चार दोस्तों के शव गुरुवार सुबह मिले। बताया जा रहा है कि ठंड के कारण उन्होंने तसले में कोयला जलाया था। कमरे को अंदर से बंद कर सो गए थे। शुरुआती जांच के मुताबिक, चारों की मौत दम घुटने से हुई है। पनकी थाना के इंडस्ट्रियल एरिया में रहने वाले ये चारों दोस्त गुरुवार सुबह काफी देर तक नहीं उठे। पास में रहने वाले साथियों ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। तब तक लोगों ने दरवाजा तोड़ा, अंदर चारों के शव पड़े मिले। सभी देवरिया के थाना तरकुलवा के तौकलपुर गांव के रहने वाले थे। रिफाइनरी फैक्ट्री में वेल्डिंग का काम करते थे। फैक्ट्री परिसर में 10X8 के कमरे में रहते थे। इनकी पहचान अमित वर्मा (32), संजू सिंह (22), राहुल सिंह (23) और दाऊद अंसारी (28) के रूप में हुई है। चारों ने रात में चिकन, रोटी और चावल बनाकर खाया था।

Haryana

# बहन की 5 गोलियां मारकर हत्या

**रोहतक, (एजेंसी)** हरियाणा के रोहतक जिले के काहनी गांव में हॉरर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है. भाई ने साथियों के साथ मिलकर बहन को पांच गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. बचाव करने आए देवर पर भी आरोपियों ने फायरिंग की. गोली लगने से देवर गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया. पति घटना के वक्त घर में मौजूद नहीं था. इसलिए वो बच गया.

आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए. उनके भागने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. जिसमें आरोपी घर में जाते और वहां से भागते नजर आ रहे हैं. सपना और सूरज का परिवार अनुसूचित जाति से है. स्कूल के समय से ही सपना और सूरज एक दूसरे को जानते थे. तीन साल पहले उन्होंने शादी की थी. जिससे सपना के परिजन नाराज थे. इसी के चलते मौका पाते ही



सपना के भाई ने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया.

सपना की सास ने बताया कि 'रोहतक के काहनी गांव निवासी सपना (23 वर्षीय) ने 3 वर्ष पहले गांव के ही ऑटो रिक्शा चालक सूरज से लव मैरिज की थी. इस शादी से सपना के परिजनों को एतराज था. इस वजह से शादी के बाद दोनों रोहतक शहर में रहने लग गए गए थे. कुछ समय पहले ही सपना और सूरज दोबारा काहनी गांव में आकर रहने लगे.

खेल

राइजिंग एशिया कप सेमीफाइनल

# भारत-ए को टॉप ऑर्डर से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद, बांग्लादेश-ए से मिलेगी कड़ी टक्कर

**दोहा, (एजेंसी)** राइजिंग स्टार्स एशिया कप के सेमीफाइनल में बुधवार को भारत ए का सामना बांग्लादेश ए से होगा। भारतीय टीम की नजर फाइनल में जगह बनाने पर है, लेकिन इसके लिए उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक टीम के लिए सबसे अधिक भरोसेमंद नाम वैभव सूर्यवंशी रहे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 201 रन बनाए हैं और एक शतक भी जड़ा है। हालांकि कप्तान जितेश शर्मा, नमन धीर, प्रियांश आर्य और नेहाल वढेरा अभी तक अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं।

भारत ए की बल्लेबाजी सूर्यवंशी के आसपास घूमती हुई नजर आई है। मध्यक्रम में मजबूती लाने के लिए बाकी बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबले में एक या दो साझेदारियाँ मैच का रुख



बदल सकती हैं, इसलिए कोचिंग स्टाफ शीर्षक्रम से बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा है। भारतीय टीम बांग्लादेश को हल्के में बिल्कुल नहीं ले रही है। अफगानिस्तान ए को मात्र 78 रन पर समेटने वाली बांग्लादेश ए की गेंदबाजी मजबूत मानी जा रही है। तेज गेंदबाज रिपोन मंडल और बाएं हाथ के स्पिनर रकीबुल हसन भारतीय बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ आखिरी ओवर तक मैच को ले जाना भी बांग्लादेश टीम की जुझारू क्षमता को दर्शाता है। गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत ए अब तक बेहतरीन रहा है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह तीन मैचों में पांच विकेट ले चुके हैं। वहीं स्पिन तिकड़ी- हर्ष दुबे, सुयश शर्मा और आशुतोष ने लगातार विकेट निकालकर टीम को मजबूती दी है। दुबे ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया और ओमान के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ा। दुबे ने कहा कि सलामी बल्लेबाज के रूप में शुरुआत करने का अनुभव उनकी बल्लेबाजी में मदद करता है। उनका लक्ष्य है कि सेमीफाइनल में भी टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई जाए। बांग्लादेश ए की ओर से हबीबुर रहमान सोहान और कप्तान अबरार अली सबसे अहम खिलाड़ी माने जा रहे हैं। भारत ए की रणनीति होगी कि इन दोनों को जल्दी आउट करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया जाए।

**संभावित प्लेइंग-11**

**भारत-ए:** जितेश शर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा/यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैशाक, सुयश शर्मा।

सिनेमा

# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मॉडल, हॉस्पिटल में भर्ती



बैंकॉक शहर में इन दिनों 'मिस यूनिवर्स' 2025 ब्यूटी पेजेंट कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है. हर बार की तरह, इस बार भी दुनियाभर से कई खूबसूरत मॉडल्स अपना जलवा बिखेरने आई हैं. इंडिया की तरफ से भी मानिका विश्वकर्मा इसमें पार्ट ले रही हैं. मगर इस कॉन्टेस्ट में एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है. जमैकन मॉडल गेब्रियल हेनरी अचानक स्टेज से नीचे मुंह के बल गिर पड़ीं, जिसके बाद उन्हें गंभीर चोट आने की खबर सामने आई. वो जज के सामने परफॉर्म कर रही थीं. उन्हें तुरंत स्ट्रेचर के जरिए कॉम्पिटीशन से बाहर हॉस्पिटल ले जाया गया. मॉडल का वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है. हर कोई उनके लिए बेहद परेशान है. वीडियो में देखा जा सकता है कि गेब्रियल, पीले गाउन में स्टेज पर पूरे कॉन्फिडेंस के साथ चल रही थीं. जैसे-जैसे वो अंधेरे की तरफ बढ़ीं, उनका पैर अचानक स्टेज से नीचे चला गया, उन्हें लगा कि आगे की ओर स्टेज है, लेकिन नहीं था. वो वहां से नीचे गिर गईं. उन्हें गिरता देख हर कोई हैरान रह गया और अपनी सीट से उठ खड़ा हुआ ताकि वो देख सकें कि मॉडल की क्या हालत है. इसके बाद, उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर लेटाकर, हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. कई लोगों का मानना था कि जिस तरह से जमैकन मॉडल स्टेज से गिरी हैं, उन्हें गंभीर चोट आई होगी. लेकिन कॉम्पिटीशन के ऑफिशियल्स ने कंफर्म करते हुए कहा कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई.

## Highlights

1. **2008 Ahmedabad blast accused also studied at Delhi blast-linked Al Falah University: Report**
2. **Man who attacked Delhi CM was guided by a dog in a dream: Police chargesheet**
3. **Nitish Kumar takes oath as Bihar CM for 10th time**
4. **Kashmir Times office raided by police in Jammu**
5. **'Told India, Pak I'll put 350% tariffs if you shoot nukes at each other,' claims Trump**

# Meta Platforms is said to partner Sify for 500 MW AI data centre in Visakhapatnam

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta Platforms Inc. is said to partner Nasdaq-listed and India-focused Sify Technologies Ltd. to set up a 500 MW data centre in Visakhapatnam, as global technology firms descend on the east-coast city to tap into India's insatiable appetite for AI compute.

Sify Technologies is expected to invest ₹15,226 crore to build a data centre in Paradesipalem village, which is about 25 km from Visakhapatnam on the highway to Kolkata, ET reported on Friday citing a person familiar with the matter. This facility, once built, will be leased to Meta Platforms.

The parent company of Facebook, Instagram and WhatsApp will also land its ambitious subsea cable project 'Waterworth' at Sify's landing station here.

"Meta will be the end user. Sify will develop the data centre and all related



infrastructure till the racks," the person cited earlier told ET. "Other details about the racks and processing units are being worked out.

### AI data centres in India

Meta Platforms's interest to set up an AI data centre in India comes at a time when Google to Tata Consultancy Services Ltd. are setting up large-scale data centre operations in the country that houses the world's largest internet population.

On 20 November 2025, TCS and TPG have decided to invest up to $2 billion in HyperVault AI Data Centre—a subsidiary of India's largest IT services firm—to built gigawatt-scale AI data centres in India.

On 14 October 2025, Google—in partnership with Adani Group and Bharti Airtel Ltd.—announced its plans to India's largest AI data centre in Vizag, as part of the Gemini creator's $15-billion push into India's AI landscape.

Reliance Industries Ltd. has announced a 1 GW AI-ready data centre project in Jamnagar, Gujarat, leveraging its partnership with Nividia.

# TCS, TPG to invest $2 billion in AI data centre JV called HyperVault

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Consultancy Services Ltd. has raised $1 billion from TPG for its AI data centre business called HyperVault, as part of its endeavour to become the world's largest AI-led IT services company.

The TCS-TPG deal, according to the Mumbai-based company, will help drive stronger returns to shareholders, reduce capital outlay and create long-term value for the AI data centre




platform.

The San Francisco-based private equity firm and India's largest IT services firm will invest in HyperVault a total of ₹18,000 crore (about $2 billion) in a mix of equity and debt over the next few years, according to a statement on Thursday. While TCS will retain a majority stake of 51% in the joint venture, TPG will invest up to ₹8,820 crore for a 27.5-49% stake. The TCS-TPG deal to build large, gigawatt-scale AI data centres in India "will further strengthen our partnership with hyperscalers and AI companies", TCS Chairman N. Chandrasekaran said in the statement. "With this capability, TCS is now uniquely positioned to deliver complete AI solutions for its customers and partners."

The TCS-TPG deal comes five weeks after the Tata Group company announced launch of a wholly owned subsidiary to build "world-class AI infrastructure" starting with a 1 GW AI data centre in India at an investment of $6.5 billion.

### लिव इन पार्टनर से था विवाद

# महिला तैराकी कोच ने बिल्डिंग से कूद कर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राऊ क्षेत्र की एक मल्टी की छठी मंजिल से महिला तैराकी कोच ने कूद कर आत्महत्या कर ली। वह इंदौर में लिव-इन पार्टनर से विवाद हुआ था। तैराकी कोच निकिता कजरिया ने इससे पहले सिलेंडर खोलकर भी आग लगाने की कोशिश की थी,लेकिन नाकाम रही। पुलिस ने उसके साथ रह रहे युवक को हिरासत में ले लिया है।

बुधवार रात को बायपास के पलाश परिसर में निकिता ने फ्लैट की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। चौकीदार ने आवाज सुनी और दौड़ते हुए आया। चौकीदार ने निकिता का फर्श पर देखा और पुलिस को सूचना दी।पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के



लिए अस्पताल पहुंचाया। अफसरों ने उसके फ्लैट की तलाशी ली तो रसोई गैस का सिलेंडर भी खुला मिला। पुलिस ने आशंका जताई कि पहले उसने सिलेंडर खोलकर आग लगाने की कोशिश की। पुलिस ने उसके साथ दस साल से लिव-इन में रह रहे असीम राज को गिरफ्तार कर लिया है। पता चला है कि दोनो में अक्सर विवाद होता रहता था और आत्महत्या से पहले भी दोनों एक-दूसरे से झगड़े थे। पुलिस ने निकिता के दोस्तों व परिजनों से भी पूछताछ की है, ताकि आत्महत्या का कारण पता सके। पुलिस ने निकिता के मोबाइल फोन को भी जब्त किया है, ताकि रिकार्डेड सुसाइड नोट के बारे में पता कर सके।निकिता व असीम का पहले विवाह हो चुका था, दोनो अपने जीवनसाथियों को छोड़कर इंदौर आ गए थे और लिव इन में रहने लगे थे। निकिता इंदौर में तैराकी कोच थी। उसका दोस्त असीम ग्वालियर का रहने वाला है। उससे आत्महत्या के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को फ्लैट से सुसाइड नोट नहीं मिला।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरा मजदूर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पलासिया इलाके में मंगलवार को एक मजदूर की निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। वहीं बिल्डिंग ठेकेदार और मालिक को लेकर जांच शुरू की है। पलासिया टीआई सुरेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि टेलीफोन नगर में होराइजन गुलमोहर बिल्डिंग के निर्माण किया जा रहा है। यहां पर मंगलवार शाम को निजाम निवासी मुंगावली जिला अशोकनगर काम करते हुए चौथी मंजिल से नीचे आ गिरा। उसे एमवाय भेजा गया। यहां पर उसकी मौत हो गई। जांच में सामने आया कि इस बिल्डिंग का काम मोहम्मद अली उस्मानी निवासी मदीना नगर द्वारा कराया जा रहा था। पुलिस बुधवार को यहां जांच के लिए पहुंची तो पता चला कि बिल्डिंग में सुरक्षा के कोई साधन नहीं थे। जिसमें निजाम हादसे का शिकार हुआ है। अब ठेकेदार और बिल्डिंग मालिक की लापरवाही को लेकर जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक